# University in News on 29 October 2023

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

# इंटर्नशिप न कर पाने वालों को टर्म पेपर का विकल्प

### लविवि में स्नातक व परास्नातक स्तर पर शुरू हुई इंटर्नशिप की व्यवस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के जिन विभागों में व्यावहारिक तौर पर इंटर्नशिप की व्यवस्था नहीं हो पा रही है, वहां के विद्यार्थियों को टर्म पेपर की सुविधा मिलेगी। असल में लविवि ने स्नातक और परास्नातक स्तर पर अनिवार्य रूप से इंटर्नशिप की व्यवस्था शुरू की है। जिन विभागों में छात्र इंटर्नशिप नहीं कर पाएंगे, उनके लिए विभागीय स्तर पर टर्म पेपर का आयोजन किया जाएगा।

लविवि वर्ष 2020 में नई शिक्षा नीति लागू करने वाला पहला विश्वविद्यालय है। ऐसे में यहां के सभी विभागों के पाठ्यक्रमों में स्नातक और परास्नातक अंतिम वर्ष में इंटर्नशिप का पेपर अनिवार्य है। जो विद्यार्थी इंटर्नशिप प्रमाणपत्र नहीं जमा करेंगे, उनको परीक्षा में अनुपस्थित माना जाएगा। टर्म पेपर के तहत एक सेमिनार में विद्यार्थी शिक्षकों के साथ परिचर्चा करेंगे और छात्रों को किसी एक विषय पर पेपर लिखना होगा। जिसे इंटर्नशिप के तौर पर दर्ज किया जाएगा और छात्र को उतने ही अंक प्रदान किए जाएंगे जितने इंटर्नशिप पेपर के निर्धारित हैं।

#### इंटर्नशिप सर्टिफिकेट न जमा करने पर संबंधित पेपर में विद्यार्थी को माना जाएगा गैरहाजिर



लविवि में यूजी पांचवें सेमेस्टर में इंटर्नशिप विषय का 100 अंकों का पेपर होता है। विद्यार्थियों को 100 अंकों के इंटर्नशिप विषय में वाइवा भी देना होगा। इसमें छात्रों को 75 अंक उनके इंटर्नशिप की परफार्मेंस और 25 अंक सवाल-जवाब के आधार पर दिए जाने का प्रावधान है। इसके लिए आंतरिक व बाहरी परीक्षकों की नियुक्ति भी की जाएगी।

- *इन विभागों में इंटर्नशिप कराना मुश्किल :* लविवि व सहयुक्त कॉलेजों में तकरीबन डेढ़ लाख से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। ऐसे में सभी के लिए इंटनशिप संस्थान में उपलब्ध होने में समस्या है। जिन विभागों में छात्र-छात्राओं का इंटर्नशिप कराना मुश्किल है उनमें अंग्रेजी साहित्य, अरबी, समाजकार्य, मनोविज्ञान, दर्शन शास्त्र समेत कई अन्य विभाग शामिल हैं।
- *ज्योतिर्विज्ञान के छात्र लाइब्रेरी में कर सकते हैं इंटर्नशिप :* लखनऊ विवि के ज्योतिर्विज्ञान विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ. अनिल पोरवाल ने बताया कि विभाग के छात्र शहर की प्रामाणिक लाइब्रेरी में ज्योतिष संबंधी तथ्यों का अध्ययन कर इंटर्नशिप कर सकते है। इसके अलावा छात्र इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में खगोलीय घटनाओं की बारीकियों को दर्ज कर इंटर्नशिप कर सकते हैं। जबकि इसके अलावा ज्योतिष का कार्य करने वाली कंपनियों के साथ भी इंटर्नशिप कर सकते हैं।

### सेमिनार व संभाषण प्रतियोगिता हुई

लखनऊ। खादी महोत्सव के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में खादी और ग्रामोद्योग आयोग की ओर से सेमिनार एवं संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक डॉ. नितेश धवन ने सेमिनार, कार्यशाला, प्रदर्शनी, शपथ व विभिन्न शिक्षण संस्थानों में किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। समाजशास्त्र विभाग के प्रवक्ता पीके मिश्र ने कहा कि खादी स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर का प्रतीक है। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं भी हुई। (संवाद)

### सिटी लॉ कॉलेज व लविवि की टीम फाइनल में

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की एडीआर ड्राफ्टिंग व लिटरेरी सोसाइटी की ओर से आयोजित क्लाइंट काउंसलिंग प्रतियोगिता का शनिवार को दूसरा चरण नवीन परिसर स्थित सभागार में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 63 टीमों के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दूसरे चरण में क्वार्टर फाइनल में आठ टीमों ने प्रवेश किया। इनमें कड़े मुकाबले के बाद चार टीमें सेमीफाइनल के लिए चयनित हुईं। सेमिफाइनल टीमों के बीच हुए अंतिम दौर के परिणाम में सिटी लॉ कॉलेज व लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता का फाइनल रविवार को होगा। इस मौके पर संकाय अध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह समेत विभाग के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। (संवाद)

### लविवि : बास्केटबॉल पुरुष टीम का हुआ चयन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में उत्तर क्षेत्रीय बास्केटबॉल पुरुष टीम का चयन किया गया। यह टीम तीन से आठ नवंबर तक एमिटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम में होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। 72 खिलाड़ियों में 15 का चयन किया गया। सभी को प्रमाण पत्र के सत्यापन के बाद 12 सदस्यीय टीम का गठन किया गया। टीम के चयनकर्ता अनूप शुक्ला, काजल द्विवेदी, मोहफिद अहमद व विष्णु वर्मा ने अंतिम सूची पर निर्णय लिया। लविवि क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 10

### इंटर्नशिप प्रमाण पत्र न देने पर गैरहाजिर

लखनऊ। एलयू और संबद्ध कॉलेजों में अध्ययनरत स्नातक पांचवे सेमेस्टर के छात्रों को रिजल्ट निकलने से पहले अपने विभागों, कॉलेजों में इंटर्नशिप सर्टिफिकेट जमा करना होगा, जिससे इस विषय के नंबर कॉलेज या विभाग रिजल्ट निकलने से पहले परीक्षा विभाग को उपलब्ध करा दें। समय पर नंबर मुहैया न कराने पर मार्कशीट में अनुपस्थित रहेगा। एलयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत यूजी पांचवे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को 100 अंकों का इंटर्नशिप विषय पर वाइवा होगा। इसमें छात्रों को 75 अंक उनके इंटर्नशिप की परफार्मेंस, 25 अंक सवाल-जवाब के आधार पर दिए जाने का प्रावधान है।

### एलयू में समाधान दिवस पर सुनी गई समस्याएं

लखनऊ। एलयू में शनिवार को समाधान दिवस पर संकायों, विभागों,प्रशासनिक कार्यालियों में अधिकारियों, शिक्षकों, छात्रों वकी समस्याएं सुनकर निस्तारण किया। स्वयं से निस्तारित न होने वाली समस्याएं संबंधित लोगों को ट्रांसफर की गई। कुलपति प्रो. आलोक राय ने छात्रों, कॉलेजों, शिक्षकों की सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए विवि में समाधान दिवस शुरू किए जाने की पहल की है।

### एलयू और सिटी लॉ कॉलेज के बीच होगा फाइनल

लखनऊ। एलयू विधि संकाय की एडीआर ड्राफ्टिंग, लिटरेरी सोसाइटी की क्लाइंट काउंसलिंग प्रतियोगिता का शनिवार दूसरा चरण हुआ। इसमें 63 टीमों के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। क्वार्टर फाइनल में आठ टीमों ने प्रवेश किया। कड़े मुकाबले के बाद चार टीमें सेमीफाइनल में चुनी गईं। सेमीफाइनल टीमों के बीच अंतिम दौर में सिटी लॉ कॉलेज, एलयू छात्र फाइनल में पहुंचे। फाइनल रविवार होगा।

## i-NEXT PAGE 2

### एलयू में चुनी गई बास्केट बॉल टीम

**तीन नवंबर से आठ नवंबर तक गुरुग्राम में होने वाली प्रतियोगिता में खेलेगी टीम**

LUCKNOW(28 Oct): लखनऊ यूनिवर्सिटी क्रीड़ा परिषद की ओर से उत्तर क्षेत्रीय बास्केटबॉल पुरुष टीम का चयन किया गया. टीम 3 नवंबर से 8 नवंबर तक एमिटी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम में होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी. इस चयन में लगभग 72 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया. टीम के चयनकर्ता अनूप कुमार शुक्ला, काजल द्विवेदी, मोहफिद अहमद व विष्णु वर्मा ने अंतिम सूची पर निर्णय लिया.

#### विदेशी स्टूडेंट्स की प्रतियोगिता

एलयूएए की ओर से होने वाले 30 और 31 अक्टूबर को होने वाले वर्ल्ड आर्गेनाइजेशन फॉर यूथ की ओर से एलयू में पढ़ने वाले विदेशी छात्र छात्राओं के बीच होने वाली प्रतियोगिता के लिए प्रैक्टिस कराई गई. नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए डॉ. सुमंत पांडे ने ट्रेनिंग दी. ट्रेनिंग के दौरान डॉ. पांडेय ने विदेशी खिलाड़ियों को नेटबॉल खेलने के तरीके व कुशलताओं के बारे में जानकारी दी.

## THE PIONEER PAGE 3

### TRAINING PROGRAMME

A four-week training programme is being organised by the Faculty of Science under the aegis of Lucknow university's computer science department, under the patronship of Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai, and conceptualised by Dean (Faculty of Science) Prof Vibhuti Rai, for the benefit of the non-teaching staff. The aim is to upgrade the official system of documentation, e-filing, quick communication, data generation and extraction as well as for different kinds of office automation. The programme was inaugurated by Prof Vibhuti Rai. Head of the department of computer science Dr Punit Mishra, Dr Kanaujiya and Dr Gautam will be conducting the training programme with the help of research scholars of the department and technical staff of the computer centre.

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लविवि में समाधान दिवस पर सुनी गईं लोगों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचारः छात्रों की समस्याओं को निपटाने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) में शनिवार को समाधान दिवस की शुरूआत हो गई।

इस मौके पर सभी संकाय, विभागों व प्रशासनिक कार्यालयों में अधिकारियों, शिक्षकों, छात्रों व अन्य संबंधित लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने समस्याओं को सुनते हुए निस्तारण का आश्वासन दिया।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक माह के अंतिम



शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन होगा। शिकायतों के निस्तारण का ब्योरा भी दर्ज किया जाएगा। कर्मचारी भी अपनी समस्याएं रख सकते हैं। पूर्व में कुलपति प्रो. आलोक राय ने छात्रों के साथ कॉफी पीकर उनकी समस्याओं को सुनने की परंपरा शुरू की थी। अब छात्रों की समस्या का समधान के लिए एक नया मंच मिलेगा

## PIONEER PAGE 3

### शिल्प महाविद्यालय में लगाई गई एक दिवसीय खादी प्रदर्शनी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खादी** और ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार अमृतकाल की अवधि के दौरान 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक खादी महोत्सव मना रही है। इस अवसर पर कला एवं शिल्प महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वारा मनाये जा रहे फाउण्डेशन दिवस पर खादी ग्रामोद्योग आयोग, लखनऊ के द्वारा



एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रोफेसर रतन कुमार, प्रधानाचार्य द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी में खादी ग्रामोद्योग एवं ओडीओपी के अर्न्तगत निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी के दौरान कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं ने विभाग के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा प्रर्दशित उत्पादों की खरीदारी के साथ-साथ उद्यमियों के साहस को बढ़ाया। प्रदर्शनी में प्रदर्शित सुदर्शन चरखे को भी छात्रों ने चलाकर देखा तथा फोटो भी खिंचवाई।